तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री


13 संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए हमें संकल्पित ...



14 प्रयागराज में हरित महाकुंभ मनाने आरएसएस ने नगर में एक ...










## खबर संक्षेप

### प्राक्चयन परीक्षा 1 दिसम्बर को

**धमतरी।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा 1 दिसम्बर रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी।

### तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 1 को

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक 1 दिसम्बर रविवार को प्रातः 11 बजे त्रिकुटी धाम कोसमर्रा भखारा कालेज के पास आयोजित की गई है। सचिव घनाराम साहू ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने ग्राम पटेलों से उपस्थिति की अपील की है।

### ड्राइवर ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र ग्राम सियादेही निवासी रविंदर सिंह गिल उम्र 33 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। मंगलवार की रात्रि युवक अत्यधिक मात्रा में शराब सेवन कर घर पहुंचा था। रात्रि लगभग 11 बजे उसकी पत्नी ने देखा कि उसके पति ने फांसी लगा ली है। घटना की सूचना केरेगांव पुलिस को दी गई। बुधवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### युवक की लाश बोहार पेड़ पर लटकी मिली

**जीजामगांव।** बिजली विभाग में डेलीविजेस में कार्यरत युवक की लाश फंदे में लटकी मिली है। पुलिस चौकी बिरेझर से मिली



जानकारी के अनुसार वेदप्रकाश साहू पिता सुदर्शन साहू उम्र 29 वर्ष ग्राम मड़ेली निवासी 23 नवंबर शनिवार की शाम 7 बजे से लापता था। उसका शव 27 नवंबर को बोहार पेड़ पर फांसी पर लटका मिला। लाश सड़ने लग गई थी। पुलिस चौकी बिरेझर ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कुरूद भेजा। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

अस्थायी रोजगार कमाने वाली महिला समूह तथा फुटकर व्यापारियों में निराशा

# आरक्षक भर्ती पर रोक, अभ्यर्थी मायूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ग्राउंड रूद्री में अभ्यर्थियों एवं दर्शकों का उमड़ रहा हुजूम अचानक बुधवार को गधे की सींग की तरह गायब हो गया। पुलिस आरक्षक भर्ती में स्टे लगने की खबर से वंचित सैकड़ों अभ्यर्थी पुलिस ग्राउंड से निराश लौट रहे थे, वहीं ग्राउंड के पास अस्थायी रूप से भोजनालय, चाय नाश्ते का ठेला, अभ्यर्थियों को रात ठहरने की व्यवस्था देने में जुटी महिला समूह तथा रूद्रीवासियों के चेहरे मुरझा गए। हजारों रूपए का राशन सामान खरीद चुकी भोजनालय संचालन महिला समूहों में चिंता व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के एक अभ्यर्थी के पिता ने आरक्षक भर्ती के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पुलिस भर्ती नियम में पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संतान के लिए भर्ती प्रक्रिया में छूट दी गई थी। जिसमें फिजिकल टेस्ट में ऊंचाई और सीने के नाप समेत 9 बिंदुओं में छूट दी गई थी। हाईकोर्ट ने माना कि इस तरह की छूट देना जनता के साथ भेदभाव है। इससे पूरे प्रदेश में आरक्षक संवर्ग 2023-24 के पदों में भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी।




युवराज निषाद


डागेश निषाद


पंकज ओझा

ज्ञात हो कि पुलिस ग्राउंड रूद्री में बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी जिले के अभ्यर्थी 683 पदों के लिए फिजिकल टेस्ट दे रहे थे। महासमुंद बड़गांव से पहुंचे अभ्यर्थी युवराज निषाद ने बताया कि 28 नवंबर को फिजिकल टेस्ट देना था। बुधवार की सुबह 7 बजे बस से धमतरी के लिए निकल गए। 11 बजे पुलिस ग्राउंड पहुंचा तब पता चला कि आरक्षक भर्ती में रोक लग गई है। फिंगेश्वर के पसौद निवासी डागेश निषाद ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 12 पर

### अस्थायी रोजगार का निकला दम

पुलिस ग्राउंड रूद्री में 16 नवंबर से 26 दिसंबर तक यानी 40 दिनों तक पुलिस भर्ती की परीक्षा होनी थी। अभ्यर्थी सहित हजारों की संख्या में दर्शक पहुंच रहे थे। प्रज्ञा महिला स्वसहायता समूह की इंदु ओझा बताती हैं कि रूद्री तथा धमतरी की 4 समूहों ने अस्थायी रूप से भोजनालय खोला है। बुधवार के लिए चावल, साग, सब्जी, तेल आदि 20 हजार रूपए का राशन खरीद चुके हैं। लकड़ी, सिलेंडर, कुर्सी, टेबल की व्यवस्था के साथ समूह की दस महिला भोजनालय में जुटी हैं। भर्ती प्रक्रिया की रोक से उन्हें बहुत नुकसान होगा। रूद्री निवासी कमलेश साहू ने बताया कि वह गुमटी लगाकर भेल , पूड़ी, बिस्किट, चना मूंग, चाय का अस्थायी व्यवसाय कर रहे थे। आमदनी भी अच्छी हो रही थी। मंगलवार को उसने 6 हजार रूपए का सामान खरीदा है। अचानक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि रूद्री में कई परिवार अभ्यर्थियों को रूकने के लिए घर में व्यवस्था दे रहे थे। रात ठहरने के लिए अभ्यर्थी 50 से 100 रुपए खुशी- खुशी दे रहे थे। ऐसे परिवारों में भी निराशा है।


इंदु ओझा


कमलेश साहू

# जिले की 300 से अधिक स्वच्छता दीदी हड़ताल पर, सफाई कार्य ठप





- तीन दिन की हड़ताल के बाद कलेक्टर को 29 नवंबर को ज्ञापन सौंपेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्लेसमेंट कर्मचारियों के बाद जिले की स्वच्छता दीदियों ने विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिन की हड़ताल प्रारंभ कर दी है। उनके हड़ताल पर चले जाने से सफाई कार्य प्रभावित हो गया है।

बुधवार को गांधी मैदान में स्वच्छता दीदियों ने धरना देकर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखा। संघ की जितेश्वरी साहू, नजमुतिशा खान, कीर्ति साहू, प्रेमलता भट्ट, प्रेमलता ठाकुर, पूजा साहू, विकास बाल्मिकी, भामा साहू, शांति कुर्रे, नीरासिंह, तलेश्वरी साहू, सोहद्रा ध्रुव, लता मटियारा, धनेश्वरी साहू ने बताया कि जिले की 300 से अधिक स्वच्छता दीदी हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि वे 2017 से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही हैं। कोरोनाकाल में भी कचरा कलेक्शन का कार्य किया। मात्र 7200 रूपए मानदेय राशि मिल रही है, जिससे जीविकोपार्जन कर पाना मुश्किल ▶▶ शेष पेज 12 पर

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# बाइक ने साइकिल को ठोकर मारी, दोनों चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- पुरानी मंडी के पास हुआ हादसा

तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी है। इस घटना में बाइक चालक सहित साइकिल सवार दोनों घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार प्रेम साहू पिता सुंदरलाल उम्र 32 वर्ष बुधवार की दोपहर साइकिल चलाते पुरानी मंडी के पास सड़क क्रास कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक आशीष कुमार उम्र 27 वर्ष ग्राम करहीभदर जिला बालोद निवासी ने उसकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सड़क पर गिर गए। इस घटना में बाइक व साइकिल चालक घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।





# पिता के शराब पीने से मना करने पर पुत्र ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिता द्वारा शराब पीने से मना करने से नाराज पुत्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी भोजराम ध्रुव पिता सोमन उम्र 25 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। बीते सोमवार को उसके रिश्तेदार का निधन हो गया तब से युवक लगातार शराब का सेवन कर रहा था। यह देख पिता सोमन से कहा कि खेत में धान पड़ा है, उसे एकत्रित करने की बजाय शराब सेवन कर घूम रहे हो। पिता बेटा को शराब सेवन करने मना कर मंगलवार की सुबह हमाली काम में सोसाइटी चला गया। वहीं उसकी मां भी खेत चली गई। युवक घर पर अकेला था। शाम को युवक ने गमछे का फंदा बना सिलिंग में लगे हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल भेजा। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।






पूर्व सिविल सर्जन के अवकाश पर होने के कारण अभी पूरा चार्ज नहीं मिला

# जिला अस्पताल में सफाई, सुरक्षा व उपचार रहेगी प्राथमिकता : डॉ. सूर्यवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



फेरबदल के बाद जिला अस्पताल के नए सिविल सर्जन ने ज्वाइनिंग कर काम संभाल लिया है, लेकिन पूर्व सिविल सर्जन के अवकाश पर होने के कारण पूरा चार्ज नहीं मिल पाया है। वहीं नये सिविल सर्जन ने अस्पताल में सफाई, सुरक्षा व मरीजों के उपचार को पहली प्राथमिकता बताया है।

शासन ने सूची जारी कर प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में पदस्थ सीएमएचओ व सिविल सर्जन के प्रभार में फेरबदल किया था। जिसके तहत जिला चिकित्सालय धमतरी के सिविल सर्जन का प्रभार संभाल रहे डॉ. अरूण टोण्डर को हटाकर उनके स्थान पर नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सूर्यवंशी को जिला अस्पताल का प्रभारी सिविल सर्जन बनाया है। माना जा रहा है कि पूर्व सिविल सर्जन डॉ. टोण्डर को कुरूद मामले में उनका डिमोशन कर जिला अस्पताल में रखा गया है। सूची जारी होने के दूसरे दिन ही डा.राजेश सूर्यवंशी ने सिविल सर्जन के पद पर ज्वाइनिंग कर ली है। लेकिन डा.टोण्डर के 25 व 26 नवंबर को दो दिन के अवकाश पर चले जाने के कारण पूरा चार्ज नहीं ले पाए हैं। बुधवार को डॉ. टोण्डर के वापस आने की उम्मीद थी, लेकिन बताया जाता है कि उन्होंने अपनी छुट्टी 29 नवंबर तक बढ़ा ली है जिसके कारण नए सिविल सर्जन का फाइनेंसियल चार्ज लेना बाकी है। ज्वाइनिंग के साथ सिविल सर्जन डॉ. सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल की कमान संभाल ली है। रोजाना पूरे अस्पताल व वार्डों का राउण्ड कर कमियों का बारीकी से निरीक्षण कर रहे हैं।

### पंजीयन पर्ची व दवाई काउंटर बढ़ायेंगे

डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि उनका मुख्य फोकस अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर रहेगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था तथा अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का चेकअप व प्राथमिक उपचार दिलाना प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही ओपीडी पंजीयन पर्ची बनवाने में लगने वाले समय को भी कम करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए काउंटर की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसी तरह दवाई काउंटर की संख्या बढ़ाकर मरीजों को कम समय में मेडिसीन दिलाने का प्रयास रहेगा। अस्पताल में जो भी कमियां हैं , उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। टेंडर की अटकी फाइल के संबंध में चर्चा करने का प्रयास रहेगा।

## निधन

### उषा पाण्डेय



**धमतरी।** सोरिद वार्ड निवासी श्रीमती उषा पाण्डेय 69 वर्ष का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार सोरिद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह साहित्यकार स्व. त्रिभुवन पाण्डेय की बहू, सेवानिवृत शिक्षक चंद्रशेखर पाण्डेय की पत्नी, देवेश, तुषार की मां एवं कर्मचारी नेता मुकेश पाण्डेय, पत्रकार कमलेश पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय की चाची थीं।

### त्रिवेंद्र सोनबेर



**धमतरी।** ग्राम पलारी निवासी त्रिवेंद्र सोनबेर का 26 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। 27 नवंबर को अंतिम यात्रा निकली। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### सुमित्राबाई साहू



**नगरी।** वार्ड क्रमांक 8 बूढ़ाराव पारा निवासी सुमित्राबाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वह लोकेश व नंद साहू की मां एवं तहसील साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष सहदेव साहू की बड़ी बहन थीं। उनका अंतिम कार्यक्रम सांकरा रोड महानदी मुक्तिधाम में किया गया।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आरक्षक भर्ती पर रोक, अभ्यर्थी मायूस...

उनका भी 28 नवंबर को फिजिकल था। सुबह 10 बजे बस से धमतरी पहुंचे। पुलिस ग्राउंड में सन्नाटा देखकर मन को आशंका हुई। वहां नोटिस चस्पा किया गया था कि भर्ती प्रक्रिया पर आगामी आदेश तक रोक लग गई है। उन्होंने बताया कि कुछ पुलिसकर्मी कह रहे थे कि स्थगन आदेश हट गया है। संभवतः भर्ती प्रक्रिया शुरु हो सकती है। इसलिए वे रूद्री में रात ठहरने का मन बना लिया है। स्थगन आदेश नहीं हटा तो गुरुवार को वापस चले जाएंगे। अभ्यर्थी पंकज ओझा रूद्री निवासी ने कहा कि उन्होंने फिजिकल टेस्ट पास कर लिया है। फिजिकल टेस्ट फिर से शुरू हुआ तो उसकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। अभ्यर्थियों का कहना है कि सालों बाद आरक्षक भर्ती हो रही है। भर्ती प्रक्रिया के लिए नियम बनाने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही की कार्रवाई होनी चाहिए। भर्ती प्रक्रिया में रोक लगाने से उन्हें मायूसी हुई है।

### जिले की 300 से अधिक स्वच्छता दीदी हड़ताल ...

हो रहा है। वर्तमान में तीन दिन की हड़ताल करने के बाद शासन के नाम कलेक्टर को 29 नवंबर को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे अनिश्चितकाल के लिए आंदोलन करेंगी। उनकी तीन प्रमुख मांगों में कलेक्टर दर पर मानदेय, पीएफ की राशि की कटौती और साप्ताहिक अवकाश है।

जल संसाधन विभाग ने गुणवत्ता एवं सुरक्षा को लेकर एनीकेट के मध्य में लगाया पोल

# एनीकट मार्ग से मोटरसाइकिल भी चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मेघा महानदी पुल के पिल्लर टूटने तथा मुख्य मार्ग के धस जाने की वजह से 21 सितंबर अर्धरात्रि से आवागमन पूर्णतः बंद कर दिया गया है। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार समीप में जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए जल संग्रहण एनीकट से यात्रा कर रहे हैं। आवागमन बंद हुए 65 दिन हो चुके हैं। उक्त एनीकेट मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना हो रहा है। एनीकेट की गुणवत्ता एवं सुरक्षा से चिंचित जल संसाधन विभाग द्वारा 25 नवंबर को एनीकेट मार्ग के दोनों छोर पर लोहे का पोल खड़ा कर सीमेंट बोल्डर से पक्का चबूतरा का निर्माण किया गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए एनीकेट की चौड़ाई लगभग 5 से 7 फीट है। इसके बाद भी मोटर साइकिल पार होना मुश्किल हो गया है। लोहे के पोल एवं पत्थर क चबूतरे में रेडियम जैसे चमकदार सांकेतिक चिन्ह नहीं लगाया गया है। शाम के समय एनीकेट पर चलने वाली यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।





**वैकल्पिक मार्ग बनाने प्रशासन मौन**

मेघा महानदी पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन द्वारा आवागमन बंद कर दिया गया है। किंतु विडंबना यह है कि दो दो माह से अधिक समय निकल जाने के बाद भी राहगीरों को हो रही असुविधा पर प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया है।

**मार्ग मरम्मत में प्रशासन ने नहीं किये 10 पैसे खर्च**

राहगीर एनीकट से जान जोखिम में डालकर सफर करने मजबूर हैं। एनीकेट पहुंच मार्ग में बोल्डर पत्थर एवं उबर खाबड़ में मुरम डालने प्रशासन द्वारा फूटी कौड़ी खर्च नहीं किया गया। मार्ग मरम्मत की आवश्यकता के बाद भी अनदेखी की जा रही है।

**मेघा सरपंच 50 से 60 हजार खर्च कर बुरे फंसे**

मेघा महानदी पुल के खराब होने के बाद आवागमन बंद होने से राहगीरों में हड़कंप मच गया था। एनीकट पहुंच मार्ग कीचड़ से सराबोर है। अधिकांश राहगीर मार्ग में कीचड़ में फंस रहे हैं। जिला प्रशासन के मौखिक आदेश के परिपालन में मेघा सरपंच शंकर साहू ने मुरूम डालकर तत्कालीन व्यवस्था की। मार्ग मरम्मत में लगी राशि आज तक सरपंच को प्राप्त नहीं हुई है। 50 से 60 हजार रुपए खर्च कर मेघा सरपंच बुरे फंस गए।

# रिपेयरिंग के दो घंटे के बाद ही उखड़ गई सड़क






- रोड के मरम्मत कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण, कहा : गुणवत्ताहीन कार्य बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी सिहावा क्षेत्र के सभी मेन रोड की हालत खराब है। जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सिहावा रोड गुढ़ियारी तालाब से लेकर धमतरी जाने वाले रास्ते की हालत बेहद खराब है। बस स्टैंड के पास रोड रिपेयरिंग का काम रात्रि में किया गया था। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने इसका निरीक्षण किया। उन्होंने रोड की गुणवत्ता पर सवाल उठाये। विधायक ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को फोन करके निर्माण स्थल पर बुलाया मगर वे नहीं पहुंचे। उसकी जगह पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर आए। विधायक के सवालों का गोलमोल जवाब दिया। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि गुणवत्ताहीन काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं आसपास के दुकानदारों का भी कहना था कि शाम को रोड की रिपेयरिंग की गई और दो तीन घंटे के बाद रोड का उखड़ना चालू हो गया। इसकी शिकायत विधायक से की गई। लोगों का कहना है कि मुख्यालय में गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो दूरस्थ अंचल में कैसा निर्माण होता होगा।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी अधिकारी महावीर कुमार डड़सेना से बात करने पर उन्होंने बताया गया कि मटेरियल के ओवरहीट हो जाने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है फिर से इसकी रिपेयरिंग की जाएगी।

### नवागांव में राज्यस्तरीय खेल महोत्सव 14 से

**कुरुद।** ग्राम नवागांव (उमरदा) में 14 एवं 15 दिसंबर को राज्यस्तरीय व्हालीवाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार व्हालीवाल में 15001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1000, तृतीय पुरस्कार 7001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 5001 रुपये के साथ आकर्षक कप दिया जायेगा । बैडमिंटन डबल्स में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये एवं आकर्षक कप दिया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम संरक्षक टिकेश साहू सरपंच, ठाकुरराम साहू, मुकेश पवार, तरुण साहू, थनेद्र साहू, संजय चंद्राकर, सोमन साहू, जवाहर दास, नवीन चंद्राकर, दिनेश कंवर, टाकेश दीवान, अभिजीत साहू, तीरथ दीवान, सोमेन्द्र दीवान, राजेंद्र कंवर, धन्नू साहू, कान्हा, चिंटू, प्रवीण, विजय, पोकू, गौतम, भोजराज जुटे हुए हैं।




# प्राथमिक शाला लड़ेर में शिक्षकों की कमी

- पढ़ाई हो रही प्रभावित, पालकों में भारी आक्रोश, तालाबंदी की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए करोड़ों रूपये खर्च किए जाते हैं। मगर अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की कमी के अभाव में पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ताजा मामला मगरलोड विकासखंड के ग्राम लड़ेर का है। शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, मोतीराम निषाद, नागेश्वर निषाद ने बताया कि प्राथमिक शाला लड़ेर में शिक्षकों की कमी है। स्कूल में बच्चों की संख्या दर्ज 81 है। शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों ने शिक्षकों की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया था । वर्तमान में एक ही शिक्षक के भरोसे पढ़ाई संचालित हो रही है। शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य अंधकारमय में हो गया है। शासन प्रशासन द्वारा शिक्षक नहीं भेजने के कारण पालकों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने तत्काल शिक्षक भेजने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# रामलला दर्शन के लिए 25 लोग अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन हेतु नगरी जनपद पंचायत से 25 दर्शनार्थी काशी विश्वनाथ और श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नागेन्द्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा, अजजा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, मंडल महामंत्री हृदय साहू, जनपद सभापति बंशीलाल सोरी, पूर्व एल्डरमेन भरत निर्मलकर, युगल साहू, तुलसीराम मंडावी, रमेश साहू, शिवप्रसाद नेताम सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके बोरझा, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी आनन्द साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदर्श विवाह समय की मांग : सियाराम

- पटेल समाज बगौद राज की सामाजिक बैठक में एक जोड़ा का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



मरार पटेल समाज बगौद राज की कार्यकारिणी बैठक ग्राम भेण्डरवानी में हुई। इस दौरान सुनील पटेल पिता टेकराम पटेल ग्राम हंकारा निवासी तथा सविता पटेल पिता गजानंद पटेल ग्राम रावनगुड़ा निवासी ने आदर्श विवाह कर एक उदाहरण पेश करते हुए दांपत्य जीवन में प्रवेश किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सियाराम पटेल ने कहा कि महंगाई के दौर में आदर्श विवाह समय की मांग है। उपसभापति रामकुमार पटेल ने कहा कि आदर्श विवाह को आत्मसात करना चाहिए। खर्चीले विवाह से बचने एवं कर्जमुक्त जीवन के लिए आदर्श विवाह आवश्यक है। बैठक में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। सामाजिक नियमावली के संबंध में विशेष चर्चा की गई। संरक्षक एवं सभापति नोहरसिंह पटेल ने कहा कि सामाजिक नियमों के पालन एवं आपसी सहयोग से ही समाज का विकास संभव है। समाज को एक नया मुकाम देने के लिए युवाओं में शिक्षा, संस्कार एवं चरित्र निर्माण जरुरी है। सामाजिक संगठनों में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। सचिव अर्जुन पटेल ने समाज के विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में उपसभापति रामकुमार पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, कोषाध्यक्ष विमल प्रकाश पटेल, उपसचिव अरुण पटेल, उपकोषाध्यक्ष घांसु पटेल, सलाहकार दूजराम पटेल, संगठन मंत्री किशोर पटेल, छबिलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण पटेल, महेंद्र पटेल, हेम पटेल, राकेश पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सिवनीकला सोसाइटी के अध्यक्ष बने चंद्रप्रकाश



**सिर्री।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिवनीकला में चंद्रप्रकाश साहू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ गली भ्रमण कराया गया। शीतलामाता मंदिर में पूजा पाठ किया। मौके पर टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, विक्रम साहू, टेकराम साहू, केवल चंद्राकर, डॉ सुरेश तारक, सुरेश पंच, दीपदान साहू, निर्मल पाल, खिलावन चंद्राकर, दिलीप साहू, कुंजीलाल साहू, दिलेश्वर, रामेश्वर साहू, तोषण साहू, मिनी निर्मलकर, पुरुषोत्तम पटेल, ओमप्रकाश साहू व्यवस्थापक, दुर्गेश बैस ऑपरेटर, राजेंद्र साहू, शेखर निर्मलकर, ताम्रज साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### बच्चों ने समोसा, भजिया का लुत्फ उठाया



**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक शाला भैंसबोड़ में पदस्थ शिक्षक लोकेश निषाद ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोजन कराया। पोषक आहार के रूप में समोसा, भजिया दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण अम्बिका सिन्हा, एलके निषाद, डीएन ध्रुव, रसोईया सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सिलौटी स्कूल में कौमी एकता सप्ताह दिवस मना




**कोर्रा (भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में कौमी एकता सप्ताह पर देश की एकता, अखण्डता, सांप्रदायिक सौहार्द्र तथा सामाजिक समरसता को बनाए तथा कार्यस्थल पर धर्म, जाति, भाषा, लिंग, संप्रदाय व क्षेत्रीयता के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव न करने तथा भारत की सामाजिक संस्कृति की परंपरा व भारत की विविधता में एकता की भावना को मजबूत करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बी. पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, आर. पोर्ते, एनआर साहू, एनके साहू, एचके साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल में संविधान जागरुकता रैली निकली




**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा संविधान जागरूकता रैली निकाली गई। सभी को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस.अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी ग्रा-01 जिला- धमतरी (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202409130100027 अ/21 (1)
वर्ष 2023-24
ग्राम लीलर प.ह.नं. 40

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लीलर आवेदक/विक्रेता रेवाराम निषाद पिता देवसिंग निषाद निवासी ग्राम जंवरगांव तहसील व जिला धमतरी के द्वारा स्थित खसरा नंबर क्रमश 89, 109, 144 रकबा कमशः 0.53, 0.12, 0.65 हे. कुल खसरा नंबर 04 रकबा 1.57 हे./3.95 एकड़ दर्ज है। उक्त भूमि में से ग्राम लीलर खसरा नंबर 1944/3 रकबा 0.27 हे. भूमि को एनबीएफसी बैंक की ऋण अदायगी हेतु रकम की आवश्यता होने के कारण क्रेता रेखा जगताप पति जितेन्द्र जगताप निवासी मराठापारा वार्ड धमतरी के पक्ष में विक्रय अनुज्ञा हेतु योजना के तहत शासन से प्राप्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु धारा 165(7) तहत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया है जो कि इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदनार्थ श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय धमतरी के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, कंपनी, निकाय आदि को कोई उजर दावा वा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10/12/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से आज दिनांक 25/11/2024 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// सूचना //**

क्रमांक/11/ना.त./वा./2024
कुरूद दिनांक 18/11/2024

प्रति,
कृष्णा राव पिता प्रशांत राव, जाति मराठा
निवासी ग्राम सिरसिदा तहसील कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)

विषयः- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202403131900018/अ-70 वर्ष 2023-2024 में भगतसिंह विरुद्ध कृष्णा राव मराठा ग्राम गुदगुदा, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित वादभूमि खसरा नंबर 2249, रकबा 6.70 हे. भूमि के निराकरण के संबंध में अनावेदक कृष्णा राव पिता प्रशांत राव जाति मराठा, निवासी ग्राम सिरसिदा, तहसील कुरूद, जिला धमतरी की उपस्थिति नहीं हो पा रही है जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है। सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 09/12/2024 को दोपहर 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

नायब तहसीलदार
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

100 मीटर दौड़ व तारगोला फेंक में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# आयुष ने गोल्ड व रोशनी ने जीता सिल्वर मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

आमदी महाविद्यालय के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र आयुष पटवा ने स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल, 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। रोशनी ने तारगोला फेंक में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीतकर आमदी महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने कहा कि यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। क्रीड़ा प्रभारी अंकित बोधवानी ने बताया कि आयुष अब राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ में रायपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेगा।

इस उपलब्धि पर सहायक प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, डीगेश्वर अटल, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, डॉ. उपमा, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेशकुमार, मन्नूलाल साहू एवं प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे ने हर्ष व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## सर्व आदिवासी समाज ने मनाया संविधान दिवस, भीमराव अम्बेडकर को किया नमन

# संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए हमें संकल्पित रहना होगा : उमेश देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी




सर्व आदिवासी समाज तहसील शाखा नगरी ने संविधान दिवस मनाया। सर्व आदिवासी भवन गुढ़ियारी तालाब के पास नगरी में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की पुस्तक की पूजा की गई। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। संविधान की उद्देशिका का वाचन कर समाजिक जनों ने संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष उमेश देव ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एक सूत्र में बांधने वाला हमारा संविधान संज्ञात्मक भी है और एकात्मक भी। भारत के संविधान ने आदिवासी , दलित ,पिछड़ा तथा सर्वहारा वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है। संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए हमें संकल्पित रहना होगा।

हल्बा समाज के तहसील अध्यक्ष आरएल देव ने कहा कि हमें हमारे संविधान पर गर्व है इसमें निहित मूल्यों को बचाए रखने के लिए हमें अपनी वचनबद्धता दोहराना होगा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुंजाम ने कहा कि संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के तहसील महासचिव नरेश छेदैहा ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। भारतीय संविधान हमें हमारे अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की सीख भी देता है।सर्व आदिवासी समाज के तहसील उपाध्यक्ष हलधर शादुल ने कहा कि संविधान न होता तो आज हमारा दलित समाज उपेक्षित और अभावों के बीच जीवन जीने को मजबूर रहता।

हल्बा समाज उपगढ़ नगरी के अध्यक्ष हृदय नाग ने कहा कि संविधान में बिरसा मुंडा, भगवान बुद्ध, गांधी, फुले की सोच निहित है। इसमें भारत का ज्ञान है । देश की आत्मा है संविधान की रक्षा करने के लिए हम सबको कृत संकल्पित रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश ध्रुव ने किया। इस अवसर कोषाध्यक्ष उत्तम नेताम, संयुक्त सचिव विष्णु भास्कर,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संत नेताम, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओमी ठाकुर, हेमलाल मरकाम, दलगंजन मरकाम ,पार्षद प्रकाश पुजारी, वेद प्रकाश मांडवी, कैलाश, संतोष, गंगेश नाग, कैलाश मरई, फुलेश्वरी नेताम, पुष्पा मण्डावी उपस्थित थे।

## बाढ़ आपदा मद से होगी जोरातराई, खपरी, सिलौटी मार्ग की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कुरुद विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर विकासखंड कुरुद अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने मार्ग जोरातराई, खपरी से सिलौटी लंबाई करीब 4 किमी की मरम्मत हेतु बाढ़ आपदा मद से 7.50 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। गौरतलब है कि बीते दिनों सेमरा (सी) में लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के लिए निकले विधायक श्री चंद्राकर ने सिलौटी मार्ग से गुजरते हुए देखा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से बने सिलौटी, खपरी जोरातराई मार्ग लंबाई करीब 4 किमी है। अत्यधिक बारिश होने व मिट्टी के कटाव से मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से उक्त संदर्भ में जानकारी लेकर उन्होंने तत्काल संबंधित विभाग के इंजीनियर को मौके पर ही फोन कर उक्त मार्ग की मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर जानकारी मांगी। जिस पर पहल करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने मार्ग की मरम्मत के लिए जिला बाढ़ आपदा मद से राशि 7.50 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई है। स्वीकृति आदेश जारी होने पर चोवाराम गंजीर, उमेश देवांगन, कामता निषाद, रामचन्द्र राव, दुलार सिन्हा, रेणु साहू, संत साहू आदि ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त कर विधायक का आभार माना है।

## परमेश्वरी ने किया शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**अंवरी।** अपने जनपद पंचायत क्षेत्र में सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू द्वारा लगातार विकास कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कुम्हारी में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

## नारियल के पत्ते में सल्ला गांगरा की आकृति उकेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गरियाबंद में आयोजित प्रदेशस्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह में लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य मोदे नगरी निवासी ने 10 फीट नारियल के पत्ते में सल्ला गांगरा की आकृति उकेरी। इस कार्यक्रम में 30 से ज्यादा आर्टिस्ट मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह राजमहल छुरा, जोहार आदिवासी कला मंच के पूरणमल ध्रुव, राष्ट्रीय महासचिव महासभा गोंडवाना लोकेंद्र कोमर्रा राम, नरसिंह ध्रुव सहायक संचालक कृषि, उपेंद्र कोमर्रा आदिवासी परिषद गरियाबंद, जोहार आदिवासी कला के संरक्षक ईश्वर मंडावी, अनिल सलाम, तरकेश्वर मरकाम, महासचिव शंकर छेदैया, जितेन्द्र नेताम, कमलेश मांझी, मेमन मरकाम, भानु कुंजाम, खोवा बिसेन ने उनके इस कला की प्रशंसा की। कविता पाठ भी आयोजन हुआ।

## मितानिनें हमारे समाज की सच्ची सेविका : हेमंतमाला



■ नपं आमदी में मितानिनों को श्रीफल और डायरी भेंटकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने मितानिनों को श्रीफल और डायरी भेंटकर उनके अद्वितीय योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमन्त माला ने अपने संबोधन में मितानिनों की निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए कहा मितानिनें हमारे समाज की सच्ची सेविका हैं। वे स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने से लेकर टीकाकरण अभियान चलाने और गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की देखभाल में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान मितानिनों की निडर सेवाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मितानिनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा करते हुए उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्हें जो आत्मसंतोष मिलता है, वह इन कठिनाइयों से कहीं अधिक है।

इस अवसर पर मितानिनों को श्रीफल और डायरी भेंट की गई। इस आयोजन में नपं उपाध्यक्ष तेजराम साहू, पार्षद उमानंद कुंभकार, कोमल यादव, लिकेश्वरी साहू, अनिता ठाकुर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेश दीवान, उप अभियंता डिगेश्वर साहू, नारायण नेताम, प्रशिक्षिका यमुना और फगन साहू, राधिका, संतोषी, जमुना, चन्द्रिका, जुगेश्वरी, देवांतिन, केशरी, कला, गोदावरी, सरिता मितानिन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मड़ेली स्कूल में संविधान शिल्पकार को किया याद






हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शाउमावि मड़ेली में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के जनक डॉ भीमराव अम्बेडकर तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान शिल्पकार को याद किया गया। श्रीमती फरजाना अली व्याख्याता द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। प्राचार्य मनोज टंडन ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। कक्षा 9वीं की छात्रा दिव्या साहू ने कहा कि संविधान की आवश्यकता हमें क्यों है और उसका पालन करते हुए अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं, पर व्याख्यान दिया। कक्षा 12वीं के छात्र एश्वर्य साहू ने कविता के रूप में संविधान दिवस का वाचन किया गया। कक्षा 10वीं के छात्र लोकेश साहू ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के द्वारा कहे गए वचनों का वाचन किया। वरिष्ठ व्याख्याता फरजाना अली ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के बारे में एक विशेष बात कही थी कि मेरे जाने के बाद ये मत समझना कि मैं मर गया, जब तक संविधान जिंदा है, मैं जिंदा हूं, बस संविधान को मत मरने देना। कार्यक्रम में संजय साहू, तुसेन्द्र तरार, दिनेश साहू, निरंजन सिंह साहू, मंजुलता ध्रुव, गीता यादव, पूनम साहू, खिलेश्वर साहू, प्रकाश देवांगन, देवेन्द्र कुमार, धर्मेंद्र साहू मौजूद थे।

## कुर्रा समिति के मुरारी यदु प्राधिकृत अधिकारी चुने गए






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्राथमिक कृषि साख समिति कुर्रा बागतराई के मुरारी यदु प्राधिकृत अधिकारी बनाए गए। समारोह के मुख्य अतिथि इंदरचंद चोपड़ा ने शपथ दिलाई। मौके पर अमन राव महामंत्री भाजपा मंडल आमदी, परमेश्वर साहू, रीखम राव, अजब देवांगन, एकनाथ साहू, घनश्याम देवांगन, भगवती साहू, अगेश्वरी यादव, प्रभुराम, गोपाल साहू, अर्जुन साहू, आशाराम, चैतूराम देवांगन, धनीराम सिन्हा व अन्य कृषक उपस्थित थे।

## जोरातराई में भाजपा बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों की टीम गठित

चुनाव प्रभारी ने बूथों में मिलने वाले दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद विधानसभा के भखारा मंडल अंतर्गत आने वाले शक्ति केंद्र सिलौटी के बूथ क्रमांक 87 जोरातराई (सि) में बूथ अध्यक्ष सहित 15 पदाधिकारी एवं 10 कार्यकारिणी सदस्यों का लोकतांत्रिक ढंग से चयन किया गया। सर्वसम्मति से दिलीप साहू को बूथ अध्यक्ष एवं पीलूराम साहू को सचिव चुना गया। चुनाव प्रभारी भोलाराम साहू एवं चुनाव अधिकारी भावप्रकाश साहू की उपस्थिति में गठित इस टीम में चोवाराम गंजीर को कार्यक्रम प्रभारी, भीखम गंजीर को युवा प्रमुख, योगेश्वर साहू को बीएलओ-2, हेमंत साहू को वोटर प्रभारी, सुदर्शन साहू को पन्ना प्रभारी, दिनेश मिथिलेश को यात्रा प्रभारी, गिरधर साहू को स्वच्छता प्रमुख, दयानंद साहू को सोशल मीडिया प्रमुख, मौरजध्वज साहू को पत्रिका प्रमुख, यीशु साहू को सामाजिक प्रमुख, दानीराम साहू को मन की बात प्रमुख एवं महेश्वर साहू को लाभार्थी प्रमुख के अलावा इंद्राणी साहू, सोनम साहू व खेमिन साहू को महिला प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा बीरबल साहू, लोकनाथ साहू, नरोत्तम साहू, खिलेश्वर साहू, सुरेश साहू, चुलेश साहू, पुनारद साहू, चेतन साहू, लालाराम, प्रताप साहू, परमेश्वर साहू, लुमेश साहू, रमेश साहू, पूनमचंद साहू, दिनेश साहू, लीलाराम को सदस्य मनोनीत किया गया। चुनाव प्रभारी ने बूथ अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को सभी बिंदुओं पर जानकारी देकर बूथों में दि जाने वाले दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही है।

## बारना में रक्तदान शिविर व कवि सम्मेलन हुआ

**कुरुद।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कातलबोड़ द्वारा 21 से 27 तक ग्राम बारना में रासेयो शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम बारना, झुरानवागांव, सेमरा, सिवनी खुर्द के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात की 116 वीं कड़ी का वार्ड क्रमांक 4 में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात में प्रेरणाप्रद बात कही। एनसीसी दिवस पर छात्रों को एनसीसी से जुड़ने का आह्वान किया। विकसित भारत के लिए युवाओं की भूमिका को बड़ी बात कही। इस बार विवेकानंद जयंती होगी खास होगी। युवा यंग लीडर अभियान से जुड़ें। डिज़िटल अरेस्ट से सतर्क रहने की अपील की। बुजुर्ग ज्यादा डिज़िटल अरेस्ट के शिकार हो रहे। बच्चों के लिए लाइब्रेरी को बढ़ावा देने की बात कही।

गौरैया पक्षियों के संरक्षण और स्वच्छता अभियान में शामिल होने का निवेदन किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान में 5 महीने में 100 करोड़ पेड़ लगे। लोगों ने पौधरोपण कर रिकार्ड कायम किया है। हमें अपनी विरासतों पर गर्व होना चाहिए। मन की बात सुनने जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, चेलेश्वरी साहू महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी, श्रीमती नंदिनी साहू समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC IS NOW हिअरज़ॅप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
9659 455 455
130+ Experience Centres Pan-India
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### विद्यार्थियों को दिया पौष्टिक आहार



**आमदी(धमतरी)।** प्राथमिक शाला सिंगपुर विद्यालय में प्रधानमंत्री शक्ति सुपोषण योजना के तहत पशु चिकित्सालय सिंगपुर के कर्मचारियों द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में पालक पनीर, मटर सब्जी, खीर, पूड़ी, सलाद, पापड़ दिया गया।

### कुलेश्वर ने प्राधिकृत अधिकारी का चार्ज लिया



**अंवरी।** प्राथमिक कृषि शाखा सरकारी समिति बगौद के कुलेश्वर चंद्राकर ने प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया और कहा कि हम किसानों के साथ मिलजुल कर काम करेंगे। किसी किसान को धान बिक्री में परेशानी नहीं होगी। हम सब मिलकर उसका निराकरण करेंगे। इस अवसर पर निर्मल चंद्राकर, आदर्श चंद्राकर, मीनाक्षी साहू, लोकेश्वर सिन्हा, घनश्याम चंद्राकर, टिकेश्वर साहू, प्रभात बैस, रुमानसिंह कुर्रे, जितेंद्र पाल, तरुण साहू, गोवर्धन साहू, शिवानंद सेन, बीरेंद्र साहू, हीराराम उपस्थित थे।

### मोहंदी सोसाइटी के जनक बने अध्यक्ष



**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोहंदी के नये सोसायटी अध्यक्ष जनक साहू मोहंदी नियुक्त किये गये। सोसायटी अध्यक्ष श्री साहू ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वे किसानों को साथ लेकर चलेंगे। मौके पर देवकरण, जगदेव ध्रुव, भोपालराम, अर्जुन पटेल, फलेंद्र साहू, दुलीचंद, प्रकाश, अर्जुन खूंटे, सुखीत कंवर, गणपत ध्रुव, मनोहर सिन्हा, नंदू सिन्हा, टेकराम निषाद, समिति प्रबंधक जगदीश्वरनाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोकर, विक्रेता सेवक साहू, राजेन्द्र निषाद, लोकू साहू, फागू मंडावी, शेखन यादव, कमल यादव, डोमार ध्रुव समेत अन्य मौजूद रहे।

### बच्चों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में संविधान दिवस समारोह मनाया गया। बच्चों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य आरके बघेल ने छात्र- छात्राओं को देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतन्त्रता सेनानियों के बलिदान, संविधान निर्माण के पीछे के इतिहास, संविधान के महत्व, कानून निर्माण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। छात्रों एवं शिक्षकों ने संविधान संबंधी जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। इस अवसर पर संस्था के आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### विश्व शौचालय दिवस पर हुए कई कार्यक्रम



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता पर कार्यक्रम हुआ। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के चारों हाऊस ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### पंचायत चुनाव से पहले हमारी मांग पूरी करे सरकार



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर में में रखा गया। बैठक में धमतरी जिले के भी पदाधिकारी उपस्थित हुए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक नें बताया कि मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले सभी प्रदेश के 11664 ग्राम पंचायत में कार्यरत भृत्य की मांग को पूरा करने सरकार से मांग करेंगे। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता कांशीराम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जशवंत शांडिल, प्रदेश कोषाध्यक्ष देवसिंग पोटाई, प्रदेश मीडिया प्रभारी परमानन्द देवदास, टिकेश्वर साहू, किशोर साहू, भुनेश्वर साहू, तेजप्रकाश राठौड़, रिनूलाल पटेल, तेजपाल पटेल उपस्थित थे।

### सतनामी समाज का सम्मान समारोह 30 को



**अंवरी।** सतनामी समाज द्वारा धमतरी जिले में 30 नवंबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि समारोह के अतिथि सतनामी समाज के गुरु व विधायक गुरु खुशवंत साहेब और रामू रोहरा होंगे। इस दौरान समाज के प्रतिभावानों को सम्मानित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप




### नेहरू गार्डन में गंदगी करने पर 500 रुपये लगेगा जुर्माना

**धमतरी।** धमतरी नगर निगम ने नेहरू गार्डन में साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए सूचना बोर्ड लगाया है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर यह बोर्ड लगाया गया है जिसमें गार्डन में अनाधिकृत प्रवेश, गंदगी फैलाने और कचरा डस्टबिन में डालने की हिदायत दी गई है। गंदगी करने पर 500 रुपये जुर्माने का प्रावधान है। नगर निगम ने गार्डन को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### भटक रहे विक्षिप्त को भोजन कराया



**नगरी।** एक विक्षिप्त बुजुर्ग व्यक्ति उम्र लगभग 65 वर्ष नगरी में तीन चार दिन से भटक रहा था। वह अपना नाम भी नहीं बता पा रहा है। इसकी जानकारी होने पर नगर के समाज सेवियों ने उसे भोजन कराया। उसकी दाढ़ी, बाल बनवाए। नया कपड़ा, कम्बल दिया। समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, खेमराज साहू, सत्यम भट्ट ने इलाज के लिए उसे बस से कोण्डागांव शांति फाउंडेशन भेजा।

- समाज सेवियों ने इलाज के लिए कोण्डागांव शांति फाउंडेशन भेजा

### 438 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 29 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कुल 438 पदों पर भर्ती के लिए 29 नवम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फायरमेन, सिक्योरिटी गार्ड, ड्राइवर, होम केयर टेकर, फील्ड सुपरवाईजर, मेडिकल ऑफिसर, फिजियोथेरेपी, डेंटिस्ट, नर्सिंग स्टॉफ, इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, कॉर्पोरेट मैनेजर इत्यादि पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने बताया कि साक्षात्कार प्रक्रिया में 10वीं, 12वीं, स्नातक, बीएससी नर्सिंग और डिप्लोमा इन फायर सेफ्टी आदि शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक शामिल हो सकते हैं।

शहरवासियों ने थैला-थाली सहर्ष दान किया

# प्रयागराज में हरित महाकुंभ मनाने आरएसएस ने नगर में एक थाली एक थैला अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**वचन दिया कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और न ही फैलाएंगे**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा धमतरी ने प्रयागराज में प्लास्टिक मुक्त हरित कुंभ मनाने नगर में एक थाली एक थैला अभियान चलाया, जिसमें शहरवासियों से महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए एक थाली एक थैला दान में लिया। बुधवार शाम 5 बजे चलाये गये इस अभियान की शुरूआत मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण से शुरू हुई जो रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार, बाजार चौक होते हुए घड़ी चौक में समाप्त हुई। इस दौरान सभी शहरवासियों ने एक थाली एक थैला का सहर्ष दान दिया। इसके बाद स्वयंसेवक शहर के सभी 40 वार्डों में भ्रमण कर अभियान चलाएंगे। ज्ञात हो कि उप्र के प्रयागराज में आगामी 13 से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ होने जा रहा है।

अभियान में निकले नगर संयोजक शैलेष चंद्राकर, नगर सह संयोजक कोमल सार्वा, घनश्याम साहू, महेश शर्मा, वेदप्रकाश, धरम साहू, विजय ठाकुर, नीलेश राजा, राकेश साहू, संतोष सोनकर, धनीराम सोनकर, गजपाल सिंह, उमेश सिंह बशिष्ट, मातृशक्ति चेतना रणसिंह, लीना सिंह, नीलू रजक, सरोज देवांगन आदि ने बताया कि 45 दिन चलने वाले महाकुंभ में अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। इन तीर्थयात्रियों के भोजन आदि में पॉलीथिन, डिस्पोजल, कागज, प्लास्टिक आदि लग सकता है जो कचरा बनकर तीर्थ नगरी प्रयागराज व पवित्र त्रिवेणी संगम को बुरी तरह प्रदूषित कर सकता है। महाकुंभ में 40 हजार टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है।

शासन-प्रशासन अपने स्तर पर स्वच्छता व कचरा निस्तारण की व्यवस्था करेगा किंतु हमारा भी यह प्रयास है कि अपना महाकुंभ पर्यावरण अनुकूल हरित महाकुंभ बने। हमारा संकल्प है कि हर घर एक थाली एक थैला संग्रहित कर प्रयाग राज के तीर्थयात्रियों तक पहुंचाया जाए। हर कुंभ यात्री के पास भोजन के लिए थाली व सामान के लिए थैला हो। महाकुंभ में जो भी परिवार, रिश्तेदार, परिचित दर्शन के लिए जाते हैं, वे अपने साथ थाली और थैला लेकर जाएं। प्लास्टिक का कचरा न फैलाएं , न ही उपयोग करें।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**

हाथ में चाकू लेकर घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से अंबेडकर चौक के पास एक युवक द्वारा हाथ में चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची। यहा एक युवक हाथ में धारदार चाकू रख घूम रहा था, जिससे आने-जाने वाले लोग भयभीत हो रहे थे। पुलिस ने युवक को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम उत्तम साहू पिता महेश 19 वर्ष अंबेडकर चौक टिकरापारा निवासी बताया।

पुलिस आरोपी को कोतवाली थाना लेकर पहुंची। उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी उत्तम साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए चाकूबाजों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## चातुर्मास के बाद जैन मुनियों ने किया विहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रवर अध्यात्म योगी महेंद्र सागर महाराज, मनीष सागर महाराज के शिष्य विशुद्ध सागर महाराज पुण्यवर्धन सागर मसा और जीतवर्धन सागर मसा ने धमतरी से विहार किया। जुलाई माह में चातुर्मास पर धमतरी पहुंचे थे। चार माह तक धमतरी में रहने के बाद 27 नवंबर को कैवल्यधाम कुम्हारी के लिए विहार कर गए। सुबह धमतरी जैन समाज के अनुयायियों ने उनके साथ पैदल चलकर उन्हें विदाई दी। तीनों संत बुधवार को अर्जुनी मोड़ स्थित शांति लुंकड़ के निवास पर रुकें। गुरुवार सुबह आगे कुम्हारी के लिए निकल पड़ेंगे। चार माह तक विशुद्ध सागर महाराज एवं अन्य संतों के प्रवचन का लाभ धमतरीवासियों को प्राप्त हुआ था।

## मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संविधान दिवस पर कांग्रेसियों ने अंबेडकर को किया याद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

2008 में मुंबई हमले के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए जान की कुर्बानी देने वाले शहीदों को मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वय आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पाण्डेय, दीपक सोनकर, सोमेश मेश्राम, ज्योति वाल्मीकि, सविता कंवर, पूर्णिमा रजक, कमलेश सोनकर, राही यादव, गुरु गोपाल गोस्वामी, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, कुलेश्वर देवांगन, तारीक रज़ा कादरी, गजानंद रजक, तोमेश साहू, सूरज पासवान, विशु देवांगन, शेख सोहेल, रजत सोनकर, गनेश्वरी कामड़े, नवीन गजेंद्र, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिलाओं में जागरुकता फैलाने सक्रियता अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धमतरी में एक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान 10 दिसंबर तक चलेगा जो मानव अधिकार दिवस के अवसर पर संपन्न होगा। इस अभियान के तहत शासकीय नत्थू जी जगताप नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक शपथ ग्रहण और रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनामिका शर्मा संरक्षण अधिकारी, उषा ठाकुर केंद्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, तृप्ति साहू कार्यालय सहायक, आरक्षक श्रीमती अमृता सेंगर सहित विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक और बालक-बालिकाएं उपस्थित थे।

## महावीर शंकरदाह समिति के अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्रामीण सेवा सहकारी मर्यादित समिति शंकरदाह में महावीर सिन्हा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में शपथ लेकर कार्यभार ग्रहण किया।

मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार, उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, अरविंदर मुंडी, हेमंत चंद्राकर, जिला महामंत्री रोहिताश मिश्रा, साहू समाज के अध्यक्ष दयाराम साहू, प्रियंका सिन्हा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, मिस्त्री पाटले, हेमंत साहू, देवेंद्र साहू, शेखर सिन्हा, पप्पू सिन्हा समेत अनेक किसान उपस्थित थे।

## मरीज और अटेंडर को निःशुल्क टिफिन दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महावीर इंटरनेशनल धमतरी ने बुधवार को महावीर भोजनालय धमतरी में मरीज और उनके अटेंडर को निःशुल्क टिफिन वितरित किया। यह कार्यक्रम स्व. शकुंलता देवी लुंकड़ की पुण्यतिथि पर कन्हैया लाल, जयंतीलाल, नरेश कुमार लुंकड़ परिवार द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ज्ञानचंद लुनावत, डॉ. पपेश नाहर, मुकेश जैन, आशीष लुंकड़, श्रद्धा लुंकड़ मौजूद थे।

## भाजपा किसानों की पार्टी : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अछोटा सोसाइटी के अध्यक्ष सोहन यादव ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा किसानों की पार्टी है। मोदी जी ने किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। आगे कहा कि कांग्रेस सरकार में धान की खरीदी लगभग 1200 रूपये के आसपास होती थी। वर्तमान में 3100 रुपए में खरीदी की जा रही है। कृषि कार्य के लिए अनेक अनुदान दिए जा रहे हैं।

- भाजपा जो कहती है, वह करती है : उमेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उमेश साहू भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलते ही किसानों के चेहरे खिल गए। भाजपा जो कहती है वह करती है। घोषणा के मुताबिक किसानों से 3100 रुपए में धान की खरीदी की जा रही है। 72 घंटे के अंदर खाते में धान की राशि भी आ रही है। ऋषभ देवांगन, मोनिका देवांगन, शशि पवार ने भी अपने विचार साझा किए। प्रकाश गोलछा पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के कारण भाजपा की सरकार बन पाई। कार्यक्रम में कैलाश देवांगन, अनीश देवांगन, वीरेंद्र देवांगन, पुराण ध्रुव, उमेंद्र सिन्हा, धनुष साहू, गणेश राम बंजारे, अजय गार्डिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## संविधान को अक्षुण्ण बनाये रखने की ली शपथ

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में 26 नवंबर को संविधान की 75वीं गौरव यात्रा पर विद्यालय की श्रीमती किरण होल्कर का सम्यक प्रबोधन हुआ। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को संविधान की जरुरत क्यों पड़ी। संविधान निर्मात्री सभा का गठन कैसे हुआ। संविधान निर्माण की अवधि, संविधान देश में कब लागू हुआ। संविधान का क्या महत्व है आदि विषयों पर जानकारी दी। वरिष्ठ आचार्य प्रदीप यादव ने संविधान को अंगीकार एवं अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय की ओर से दी गई।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

कर्मचारियों की मांगे जायज, सरकार को पहल करनी चाहिए : विजय देवांगन

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को कांग्रेसियों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन देने बुधवार को कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्य गांधी मैदान पहुंचे और उनके आंदोलन का जायज बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कांग्रेस पार्टी की ओर से मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारी नगरीय निकायों के महत्वपूर्ण कार्य संपादित करते हैं, लेकिन इन कर्मचारियों की जायज मांगों पर शासन ने ध्यान नहीं दिया। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने 4 हजार रुपए की मासिक श्रम सम्मान राशि प्रदान की। वर्तमान सरकार को कर्मचारियों की मांगों से कोई लेना देना नहीं है। सप्ताह भर से चल रहे आंदोलन को लेकर कोई वार्ता नहीं हो पाई है।

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों की बदौलत लोग आज स्वस्थ हैं। वातावरण हमेशा साफ रहता है। हड़ताल की वजह से नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इनकी मांगे जायज है। धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सभी कर्मचारी एकजुटता के साथ मांगों को लेकर डटे रहे। विस सत्र में संघ की मांगों को रखकर जवाब मांगेंगे। निगम महापौर विजय देवांगन ने कहा कि कर्मचारियों की मांगे जायज हैं। प्लेसमेंट पद्धति से सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। मासिक वेतन भी 3-4 माह बाद मिलता है। इसके लिए राज्य सरकार को पहल करनी चाहिए। धरना मंच में तारिणी चंद्राकर, तपन चंद्राकर, सोमेश मेश्राम सहित अन्य कांग्रेसियों ने संबोधित करते हुए कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया।

इस अवसर पर समर्थन देने पूर्व विधायक लेखराम साहू, मोहन लालवानी, घनश्याम साहू, राजू साहू, योगेश शर्मा, डीहूराम साहू, नीलम चंद्राकर, होरीलाल साहू, विनोद साहू, राजेश पांडे, नीलू पवार, ममता शर्मा, पूर्णिमा रजक, दीपक सोनकर, लुकेश्वरी साहू, सविता कंवर, राही यादव, रोशन जांगड़े, चुम्मन दीवान, संतोषी निषाद, अवैश हाशमी, कमलेश सोनकर, डुमेश साहू, देवव्रत साहू, उत्तम साहू, हेमंत देवांगन सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411